

# होलिका दहन प्रतीक है अधर्म के नाश का और धर्म की जयकार का



महेंद्रगढ़-नारनौल

भारत में होली के त्योहार की धूम खूब रहती है. होली पूरे देश में और यहां तक कि दुनिया के अन्य हिस्सों में भी बड़े उत्साह के साथ मनाई जाती है। रंगों के त्योहार के रूप में जाना जाने वाला होली वसंत के आगमन का प्रतीक है के अलावा बुराई पर अच्छाई की जीत और लंबी, ठंडी सर्दियों के अंत का प्रतीक है. यह एक ऐसा त्योहार है जो खुशी, सद्भाव और सकारात्मकता फैलाता है जिसमें लोग रंगों, नृत्य, संगीत और मिठाइयों के माध्यम से जश्न मनाने के लिए एक साथ आते हैं.

**होली का पौराणिक महत्व क्या है**

होली की जड़ें प्राचीन हिंदू पौराणिक कथाओं में पाई जा सकती हैं. त्योहार से जुड़ी सबसे लोकप्रिय किंवदंती प्रह्लाद और होलिका की कहानी है. प्रह्लाद एक युवा राजकुमार और भगवान विष्णु के भक्त थे और उनके पिता का नाम राजा हिरण्यकश्यप था. राजा ने प्रह्लाद की मृत्यु का आदेश दिया था लेकिन उसकी बहन होलिका ने उसे बचाने का प्रयास किया. हालांकि भाग्य के एक मोड़ में होलिका आग की लपटों में जलकर मर गई जबकि प्रह्लाद भगवान विष्णु की दिव्य सुरक्षा से बच गया. इसलिए होली बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाती है.

**खुशी और एकता के रंग अपनों के संग**

होली के दिन लोग एक-दूसरे पर रंग उड़ेलने के लिए एक साथ आते हैं. रंगों का उपयोग कई मायनों में प्रतीकात्मक है. चमकीले रंग जीवन की विविधता और हमारे मतभेदों की सुंदरता का प्रतिनिधित्व करते हैं. होली पर रंग एक साथ जश्न मनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं. होली के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले रंग का अपना अलग महत्व है. लाल रंग प्यार और जुनून का प्रतीक है, पीला खुशी और ज्ञान का प्रतिनिधित्व करता है, नीला शांति और शांति का प्रतीक है और हरा उर्वरता और नई शुरुआत का प्रतीक है. जब लोग एक-दूसरे पर ये रंग लगाते हैं तो यह दोस्ती, क्षमा और रिश्तों के नवीनीकरण का प्रतीक बन जाता है.




**होली पर एकजुटता की भावना**

होली सिर्फ रंगों से खेलने के बारे में नहीं है बल्कि यह एकजुटता और एकता का उत्सव है. यह त्योहार जीवन से जुड़े लोगों को एक साथ लाता है- परिवार के सदस्य, दोस्त, पड़ोसी और यहां तक कि अजनबी भी. इस दिन सामाजिक मानदंड और मतभेद भूल जाते हैं और लोग खुले दिल से एक-दूसरे को गले लगाते हैं. चाहे सड़कों पर चहल-पहल भरी भीड़ हो या घरों में अंतरंग सभाएं, यह त्योहार खुशी और उत्सव की भावना को दर्शाता है।

**होली का पर्यावरणीय प्रभाव**

होली पर मस्ती के अलावा पर्यावरणीय प्रभावों के बारे में भी ध्यान रखना जरूरी है. अतीत में होली के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले पारंपरिक रंग प्राकृतिक सामग्री से बनाए जाते थे लेकिन आज कई व्यावसायिक रूप से उपलब्ध रंग हानिकारक रसायनों से बने होते हैं जो त्वचा में जलन और प्रदूषण पैदा कर सकते हैं. त्योहार को और अधिक पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए लोग फूलों, जड़ी-बूटियों और अन्य सुरक्षित सामग्रियों से बने जैविक और प्राकृतिक रंगों का चयन कर रहे हैं. इसके अलावा उत्सव के दौरान पानी की बर्बादी से बचना और हमारे द्वारा उपयोग किए जाने वाले उत्पादों के बारे में सतर्क रहना महत्वपूर्ण है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उत्सव आनंदमय और टिकाऊ रहे.



















## खबर संक्षेप


महेंद्रगढ़। कॉलेज में होली खेलती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### यदुवंशी कॉलेज में हुई खेलकूद प्रतियोगिता

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी कॉलेज में स्पोर्टस और होली सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संस्था चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ,ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने अपने प्रेरणादायक विचार साझा किया। राव बहादुर सिंह ने अपने कॉलेज के सभी साथी विद्यार्थियों को होली की शुभकामनाएं दी। ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने कहा कि होली प्यार और भाईचारा का प्रतीक हैं। वायस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, डॉ. प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरुभान ने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न खेल का भी आयोजन किया गया।


महेंद्रगढ़। होली खेलते विद्यार्थी।

### देवयानी स्कूल में मनाया होली महोत्सव

**महेंद्रगढ़।** देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल के विद्यार्थियों ने होली का त्यौहार मनाया गया। किड्स कक्षा के बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली। दूसरी कक्षा के बच्चों ने रंग बरसे, रंग बरसे गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। किड्स कक्षा से डोयल, गरिमा, नव्या, प्राची, खुशी यादव ने अपने ग्रुप के साथ मिलकर आज ब्रज में होली है गीत पर सुंदर नृत्य किया। प्रार्थना सभा में हुए इस प्रोग्राम का संचालन सांस्कृतिक विंग हेड ममता शर्मा ने किया। चेयरमैन सुनील कुमार ने बताया कि त्योहार हमारी आपसी भाईचारे और सद्भावना का प्रतीक माना जाता हैं।


महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### आरपीएस कॉलेज में होली पर्व मनाया

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना में बुधवार को कला संकाय के सौजन्य से रंगोत्सव थीम पर होली उत्सव मनाया गया, जिसमें मुख्यातिथि कॉलेज डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव, रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव, प्रिंसिपल डॉ. देवेन्द्र कादयान व डीन डॉ. हेमन्त कुमार रहे। कार्यक्रम में सभी शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहकर कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम संयोजक संदीप कुमार व भूपेन्द्र सिंह ने बताया भारतीय संस्कृति के पावन पर्व को ध्यान में रखते हुए रंगोत्सव होली पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव ने कहा होली पर्व भारतीय संस्कृति का पावन पर्व है। प्रिंसिपल डॉ. देवेंद्र कादयान ने कहा कि यह रंगो का उत्सव है। डॉ. राजेश डागर, हरिप्रकाश जोशी, डॉ. अनिल, वाईपी सिंह, डॉ. अशोक कुमार, सज्जन शास्त्री, सुष्मिता, चारु, सोनाली उपस्थित रहे।

### राव सुल्तान स्कूल में मनाया होली महोत्सव

**महेंद्रगढ़।** राव सुल्तान सिंह स्कूल निम्बहेड़ा में होली महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने तिलक लगाकर एक-दूसरे को बधाई देकर प्यार व प्रेम का संदेश दिया। संस्था निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव ने बताया कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे व बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। आज हम सभी पाश्चात्य संस्कृति में उलझकर अपनी पारंपरिक संस्कृति व त्योहारों को भूलते जा रहे हैं। संस्था निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव ने अभिभावकों, बच्चों व अध्यापकों को होली की शुभकामना दी।

---

कड़ी सुरक्षा के मध्य हुई नगर पालिका चुनाव की मतगणना

# कनीना नपा चुनाव में रिंपी कुमारी के सिर सजा चेयरमैन का ताज

झज्जर जिले के गांव खेड़ी खूमार में सात अक्टूबर 1990 को जन्मी डा. रिंपी कुमारी की शादी तीन जुलाई 2017 को कनीना नगर पालिका के पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह लोढ़ा के सबसे छोटे बेटे जयप्रकाश के साथ हुई। शिक्षा में पीएचडी की है।

दलीप सिंह ▶▶| कनीना

नगर पालिका चुनाव की मतगणना बुधवार को कड़ी सुरक्षा के मध्य की गई। सुबह आठ बजे पांच टेबल के माध्यम से शुरू की गई मतगणना तीन राउंड चली। करीब डेढ़ घंटे बाद चेयरमैन व पार्षदों का परिणाम जारी कर दिया गया। मुकाबले के बीच रिंपी कुमारी ने अपनी प्रतिद्वंदी सुमन चौधरी को 566 मतों की शिकस्त देकर विजय प्राप्त की। नपा के 11वें प्रधान के रूप में चुनी गई रिंपी कुमारी को 3138 मत मिले। वहीं सुमन चौधरी को 2572 मतों पर संतोष करना पड़ा। तीसरे स्थान एक, तीन, पांच, 10, 12, 13 व 14 में रिंपी आगे रही, तो सात वार्डों दो, चार, छह, सात, आठ, नौ व 11 में सुमन चौधरी ने बढ़त बनाई।

विजेता




कनीना। नवनिर्वाचित नपा प्रधान डा. रिंपी कुमारी व जिय चिहन बनाते पुत्रवधु रिंपी कुमारी व ससुर राजेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

### वार्ड वाइज प्रधान पद के उम्मीदवार को मिले वोट

| वार्ड | रिंपी कुमारी | सुमन चौधरी |
|---|---|---|
| 1 | 280 | 146 |
| 2 | 193 | 380 |
| 3 | 251 | 232 |
| 4 | 174 | 177 |
| 5 | 316 | 160 |
| 6 | 164 | 184 |
| 7 | 119 | 142 |
| 8 | 189 | 204 |
| 9 | 138 | 152 |
| 10 | 205 | 156 |
| 11 | 161 | 243 |
| 12 | 399 | 147 |
| 13 | 256 | 144 |
| 14 | 293 | 105 |
| कुल | 3138 | 2572 |

### वार्ड एक से मंजू देवी को 299 मत मिले

वार्ड एक से मंजू देवी को 299 मत मिले, निर्मला देवी को 259, जीत का अंतर 40 मत रहा। इसी प्रकार वार्ड दो से दीपक चौधरी ने 380, सुनील कुमार 345, जीत का अंतर 35 मत, वार्ड तीन से उषा देवी ने 359, थान सिंह 246, अंतर 13, वार्ड चार से रेखा ने 321, रेखारानी 112, अंतर 209, वार्ड पांच से राजकुमार 276, कमल यादव 250, अंतर 26, वार्ड छह से राकेश कुमार 242, संदीप कुमार 185, अंतर 57 मत, वार्ड सात से राजेश देवी 378, उषा 280, अंतर 98, वार्ड आठ से पूजा ने 373 मत लेकर नीलम कुमारी को 78 मतों से पराजित किया। वार्ड नौ से नितेष गुप्ता ने 182 मत, पूनम कुमारी को 160, जीत 22 मत, वार्ड 10 से योगेश कुमार ने 248 मत, नितिन 179, अंतर 69, वार्ड 11 से होशियार सिंह ने 344 मत, डा. रविंद कुमार ने 227, अंतर 117, वार्ड 12 से सुमन देवी ने 306 मत लेकर राखी कुमारी 263 को 43 मतों से शिकस्त दी। वार्ड 13 से सूबेसिंह ने 227 मत, देशराज ने 178 तथा अंर 49 मतों का रहा। वार्ड 14 से राजेंद्र सिंह लोढा ने 324 मत प्राप्त कर अनूप यादव 224 को 100 मतों से करारी शिकस्त दी।

विजेता

राजेश देवी

विजेता

पूजा देवी

विजेता

मंजू देवी

विजेता

दीपक चौधरी

विजेता

नितेश गुप्ता

विजेता

योगेश कुमार

विजेता

उषा यादव

विजेता

रेखा देवी

विजेता

होशियार

विजेता

सूबेसिंह

विजेता

राजकुमार यादव

विजेता

राकेश कुमार

विजेता


राजेंद्र सिंह

- रिंपी कुमारी ने अपनी प्रतिद्वंदी सुमन चौधरी को 566 मतों की शिकस्त देकर विजय प्राप्त की
- नपा के 11वें प्रधान के रूप में चुनी गई रिंपी कुमारी को 3138 मत मिले
- सुमन चौधरी को 2572 मतों पर संतोष करना पड़ा

### कनीना से रिंपी कुमारी व अटेली से संजय गोयल, दोनों भाजपा के साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना/मंडी अटेली

नगर पालिका कनीना व अटेली का चुनावी परिणाम होली के ठीक एक दिन पहले बुधवार को घोषित हो गया। कनीना से रिंपी कुमारी और अटेली से संजय गोयल ने जीत दर्ज की है। रिंकी कुमारी के ससुर राजेंद्र लोढा जो नगर पालिका के प्रधान रह चुके है, वह भी इस बार पार्षद बने है। मतलब पुत्रवधु प्रधान और खुद पार्षद। राजेंद्र लोढ़ा ने कहा है कि वह भाजपा सरकार के साथ है। सरकार के सहयोग से कनीना को विकास की राह पर लेकर जाएंगे। वहीं अटेली नगर पालिका ने संजय गर्ग प्रधान चुने गए है। संजय गर्ग के दादा गुलजारी लाल नगर पालिका अटेली के प्रथम प्रधान बने थे। संजय गर्ग की पत्नी सुमन गोयल भी प्रधान रह चुकी है। अब तीसरी बार प्रधान की कुर्सी इन्हें मिली है। वैसे देखा जाए तो विधानसभा चुनाव में संजय गर्ग कांग्रेस प्रत्याशी अनीता यादव के साथ ओपन में प्रचार कर रहे थे। अब जीत हासिल करने के बाद वह स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के कार्यालय में हाजिरी लगाई। इसके अलावा भाजपा के पूर्व विधायक सीताराम यादव का भी आशीर्वाद लिया।

### शांतिपूर्वक तरीके से हुई मतगणना

चुनाव अधिकारी एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए मतगणना केंद्र में ईवीएम से मतों की गिनती की गई। प्रधान व पार्षद पद के लिए पांच पांच टेबल व एक टेबल आरओ के लिए लगाई गई थी। मतगणना का कार्य शांतिपूर्वक तरीके से चला। इस मौके पर एआरओ नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल, चुनाव कानूनगो सुरेश कुमार, पूनम सिंह, डीएसपी दिनेश कुमार, सिटी थाना इंचार्ज रविंद्र सिंह, सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक मुकेश कुमार, निरीक्षक मूलचंद तंवर, प्राचार्य सुनील खुड़ानिया मौजूद थे।

### निर्वाचित होते ही ससुर के पैर छूकर लिया आशीर्वाद

झज्जर जिले के गांव खेड़ी खूमार में सात अक्टूबर 1990 को जन्मी डा. रिंपी कुमारी की शादी तीन जुलाई 2017 को कनीना नगर पालिका के पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह लोढ़ा के सबसे छोटे बेटे जयप्रकाश के साथ हुई। शिक्षा में पीएचडी की हुई है। सवा तीन साल की उसकी बेटी है। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय सभी कार्यकर्ताओं व मतदाताओं को दिया। चुनाव में जीत की सूचना मिलते ही उन्होंने गणना केंद्र में अपने ससुर के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। राजेंद्र सिंह लोढ़ा भी वार्ड नंबर 14 से नगर पार्षद निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने कहा कि वे सरकार के साथ हैं और सरकार के साथ मिलकर शहर में विकास कार्य करवाएंगे। सभी 14 वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जाएंगे।

---

गोयल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भूपेश गुप्ता को 456 वोटो से हराया

# पहले दादा, फिर पत्नी, अब संजय गोयल बने अटेली नपा के 23वें प्रधान

*अटेली नपा का चेयरमैन वैश्य समाज व झंडा चौक का ही प्रधान बना है*

नीरज कुमार ▶▶| मंडी अटेली

नगर पालिका का 23वां चेयरमैन का ताज संजय गोयल के सर पर सज गया। संजय गोयल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भूपेश गुप्ता को 456 वोटों हराया। मतगणना सुबह आठ बजे नगर पालिका कार्यालय में शुरू हुई। पार्षद के परिणाम सुबह नौ बजे ही आ गए थे। जीतने वाले प्रत्याशियों को रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम रमित यादव ने विजयी प्रमाण पत्र प्रदान किए। नवनिर्वाचित चेयरमैन की पत्नी सुमन गोयल व उनके दादा लाला गुलजारी लाल अटेली नपा के प्रथम चेयरमैन रह चुके है तथा स्वयं भी तीन बार शहर के पार्षद बन चुके है। कस्बे के कुल 12 वार्डों में वार्ड एक से शर्मिला पत्नी आनंद जांगिड़ सबसे अधिक 150 व सबसे कम वार्ड नौ से मुकेश दो वोटों से जीते। पूर्व उपप्रधान स्नेहलता तीसरी बार पार्षद पद से विजयी हुई, वार्ड पांच से अनिल गुप्ता तीसरी बार पार्षद बने तथा उनकी पत्नी भी उपप्रधान रह चुकी है। वैसे तो नपा के चुनाव में सभी प्रत्याशियों ने भाजपा नेताओं की फोटो लगाई हुई थी, लेकिन अक्टूबर में हुए विधानसभा के चुनावों में विजयी चेयरमैन संजय गोयल ओपन में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीपीएस अनीता यादव के साथ प्रचार में थे। विजयी संजय गोयल ने चुनाव जीतने के बाद आरती राव के कार्यालय में अपनी हाजिरी लगाई। इसके अलावा पूर्व विधायक सीताराम यादव का भी आशीर्वाद लिया। चेयरमैन प्रत्याशियों में जीतने वाले संजय गोयल को 2351, दूसरे नंबर रहने वाले भूपेश गुप्ता को 1895, तीसरे नंबर पर रहने वाले सतीश जांगिड़ को 209 वोट मिले, चौथे नंबर पर डा. विकास को 159 वोट मिले।


मंडी अटेली। नगर पालिका के चुनावों में विजयी प्रत्याशी संजय गोयल व समर्थक।

### विजयी व दूसरे नंबर पर रहने वाले प्रत्याशी भाजपा के साथ

अटेली नपा के विजयी व दूसरे नंबर पर रहने वाले प्रत्याशी अक्टूबर माह में हुए विधानसभा के चुनावों में भाजपा की तरफ नहीं थे, लेकिन नपा के चुनाव लड़ने के समय भाजपा नेताओं के फोटो के साथ विधायक व मंत्री आरती सिंह राव केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का चित्र व कार्यालय में खूब चक्कर लगाए। नपा के तीन अन्य प्रत्याशी विधानसभा के चुनावों में खुले में भाजपा के साथ रहे।

### अटेली की जनता का सबसे बड़ा सहयोग

नवनिर्वाचित चेयरमैन संजय गोयल ने कहा उसकी जीत में अटेली की जनता का सबसे बड़ा सहयोग रहा है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, सांसद धर्मबीर, मंत्री आरती सिंह राव व पूर्व विधायक सीताराम यादव का विशेष आभारी है। अटेली को भयमुक्त के साथ व्यापारियों के लिए एक अच्छा वातावरण देकर युवाओं को नशे से दूर कर मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में शहर का विकास किया जाएगा।

**कुल पार्षदों के जाति वार जानकारी:** वार्ड एक, दो, नौ, 12 से खाती समाज, वार्ड आठ व वार्ड पांच से वैश्य, यादव समाज वार्ड 10 व 11 से पार्षद बने है। वार्ड तीन में प्रजापत, वार्ड चार से चमार, वार्ड छह से वाल्मीकि जाति से संबंध रखने वाले है। वार्ड सात से सैनी पार्षद बना है। ब्राह्मण जाति से एक भी पार्षद नहीं जीता, जबकि अटेली कस्बे में चौथे नंबर की आबादी है।

विजेता

प्रधान संजय गोयल

विजेता

एक से पार्षद शर्मिला

विजेता

आठ से अंशुल गोयल

विजेता

नौ से मुकेश

विजेता

दो से अशोक जांगड़ा

विजेता

तीन से प्रेमलता

विजेता

10 से अलका यादव

विजेता

11 से मनफूल

विजेता

चार से स्नेहलता

विजेता

पांच से अनिल गुप्ता

विजेता

12 से रामकिशन

विजेता

छह से मनीष वाल्मीकि

विजेता

सात से राकेश सैनी

**वार्ड जीतने वाले पार्षद:** वार्ड नंबर एक से शर्मिला देवी पत्नी आनंद शर्मा 305 हासिल कर जीत दर्ज की। दीप्ति कुमारी को 155 वोट मिले, जीत अंतर 150 मतों का रहा, नोटा को चार वोट गए।

**वार्ड दो :** से अशोक कुमार ने 159 वोट लिए, सुधीर जांगिड़ को 109, अंजु गुप्ता ने 76, संदीप जांगिड़ ने 65 वोट प्राप्त किए, जबकि नोटा को एक गया।

**वार्ड तीन** से चार प्रत्याशी मैदान में थे। जिनमें प्रेमलता 57 वोटों से विजयी रही, सुनीता को 199, सोनम यादव, निशा व नोटा को दो दो वोट गए।

**वार्ड चार** से स्नेहलता विजयी रही। जिसमें उसको 252, मुस्कान को 147 वोट मिले, नोटा को सात वोट गए।

**वार्ड पांच** से अनिल कुमार को 85 वोट मिले, इस वार्ड में अन्य प्रत्याशियों में पूजा शर्मा को 28, पिंकी 65, सुनिल कुमार 48, नोटा को पांच वोट गए।

**वार्ड छह** एससी के लिए आरक्षित था। इसमें मनीष कुमार को 197 वोट, दीपांशु को 130 वोट मिले, नोटा को सात वोट गए।

**वार्ड सात** से राकेश ने 254 वोट लेकर 48 वोटों से विजयी रहे। इस वार्ड में द्वितीय स्थान पर गौरव गर्ग रहे जिसे 206 वोट मिले, अरुण गुप्ता को 132, रवि कुमार को 31 वोट मिले, नोटा को पांच वोट गये।

**वार्ड आठ** से अंशुल गोयल विजय ने 191 वोट हासिल कर दीपेश गर्ग को 39 वोटो से हराया, तीसरे पायदान पर पूजा देवी रही, जिसे 46 वोट मिले, जबकि नोटा को दो वोट गए।

**वार्ड नौ** से मुकेश कुमार को 141 वोट मिले, सबसे कम दो वोटों के अंतर रहा। वहीं विजय कुमार को 139, तेजपाल को 64 वोट मिले, नोटा को नौ वोट गए।

**वार्ड 10** से अलका को 267 वोट मिले, नविता को 122 वोटों से संतोष करना पड़ा। जिनका अंतर 145 वोट का रहा व नोटा का दो वोट गए।

**वार्ड 11** से मनफुल यादव को 162 वोट लेकर विजयी रहे, दूसरे प्रत्याशी धर्मेंद्र को 133 वोट मिले, नितेश गुप्ता को 44 तथा नोटा खाली रहा।

**वार्ड 12** से रामकिशन 160 वोटों लेकर अनुज जांगड़ा को 12 वोटों से हराया तथा नोटा को छह वोट गए।